# डिग्री व अंकतालिका का अवलोकन कर सकेंगे छात्र

**देहरादून।** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने सत्र 2022-23 से तकनीकी, व्यावसायिक एवं विधि पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की अंकतालिका एवं डिग्री को विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी है। इससे छात्र वेबसाइट में जाकर अपनी अंकतालिका व डिग्री का अवलोकन कर सकते है। उक्त सुविधा सत्र 2022-23 से आगे के सत्रों के उपलब्ध कराई गई है। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि उक्त सुविधा के माध्यम से विश्वविद्यलय से उत्तीर्ण छात्रों का प्राथमिक सत्यापन किया जा सकेगा। यह सुविधा विववियालय द्वारा पूर्व से संचालित 'स्कॉलर एट ए ग्लांस' के साथ-साथ उत्तीर्ण छात्रों के लिए उपलब्ध कराई गई है।